2433/17-08-2021

**दिनांक–11.08.2021 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निदेश के मुख्य बिन्दुः–**

1. **Action on Amin**:– नवनियोजित 487 संविदा अमीनों की 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत ली गई परीक्षा में 10 प्राप्तांक से कम लाने वाले अमीनों की सेवा समाप्त करने संबंधी कार्रवाई में विलंब होने के लिए संबंधित लिपिक से पृच्छा करते हुए इस संबंध में दिए गए निदेश और उनके अनुपालन के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई का तिथिवार ब्यौरा तैयार कर समर्पित किया जाए। जिन अमीनों द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, उनकी सेवा अविलंब समाप्त की जाए। जिन अमीनों की पुर्नपरीक्षा आयोजित की जानी है, उनकी परीक्षा आयोजित कर आगामी बैठक में परीक्षा परिणाम के साथ प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाय।
2. **RSTI, Bodh Gaya**:– राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया के रख–रखाव के लिए जिला द्वारा एजेंसी के चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया की संपूर्ण जाँच के एल0आई0एस0 सलाहकार की अध्यक्षता में टीम गठित कर दिनांक–12.08.2021 को गया भेजा जाए। साथ ही RSTI से संबंधित बिन्दुओं का विस्तृत प्रतिवेदन एवं रख–रखाव संबंधी जाँच का विस्तृत प्रतिवेदन आगामी बैठक के पूर्व उपस्थापित किया जाए।
3. **GIS Expert Agency**:– निदेशालय स्तर पर जी0आई0एस0 सलाहकार द्वारा त्याग पत्र दिए जाने के पश्चात् GIS संबंधी कार्यों के सम्पादन के लिए GIS Lab में प्रतिनियुक्त, श्री कन्हैया कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक को "GIS Co-ordinator" के रूप में निर्धारित करते हुए उसके द्वारा किए जाने वाले दायित्त्वों को निर्धारण कियाा जाए। साथ ही निदेशालय स्तर पर GIS स्तर पर अब तक हुए कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए वर्त्तमान में किए जाने वाले कार्यों को स्पष्ट प्रतिवेदन तैयार कर लिया जाए। GIS Co-ordinator से GIS के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, उपकरण, अन्य राज्यों द्वारा इस संबंध में किए जा रहे कार्यों इत्यादि के बारे में फीडबैक प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जाए।
4. **E-Magazine**:– विभागीय स्तर पर नक्शे कदम के नाम से निकलने वाली E-Magazine तथा विडियो चैनल के संबंध में E-Magazine का प्रारूप निर्धारित करते हुए कवर पेज तथा विभिन्न पृष्ठों पर दी जाने वाली सामग्री को एकत्रित कर आगामी बैठक में उपस्थापित किया जाए। E-Magazine सामग्री में विभाग एवं निदेशालय स्तर के विभिन्न आयोजन, विभागीय विज्ञापन, क्षेत्रीय गतिविधियाँ, प्रेरणात्मक (Motivational) लेख, महत्त्वपूर्ण विभागीय पत्र, गजेटियर से संबंधित महत्त्वपूर्ण सामग्री, मूल रचनाओं यथा श्री श्यामल किशोर पाठक की सर्वे इत्यादि से जुड़ी कविताएँ इत्यादि को शामिल किया जाए। विडियो मैगजीन तथा E-Magazine का प्रकाशन 01 सितंबर, 2021 से नियमित रूप से किया जाए।
5. **विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में एजेंसियों द्वारा प्रक्रमवार मानचित्रों की आपूर्ति प्रक्रिया और मानचित्रों की बिक्री का अनुश्रवण** :– विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों के सतत् अनुश्रवण के लिए एजेंसी तिथिवार उपलब्ध कराए जाने तथा उनके द्वारा वापस करने की तिथि का विस्तृत प्रतिवेदन उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, द्वारा एजेंसीवार तैयार किया जाए। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए स्थापित किए गए राज्यस्तरीय कार्यालय में कर्मियों की संख्या, उपलब्ध संसाधन इत्यादि की समीक्षा भी की जाए। MIS के माध्यम से इस प्रतिवेदन को प्राप्त कर जिलावार अधिकतम मानचित्रों की बिक्री का सतत् अनुश्रवण कर प्रमण्डल स्तर एवं जिला स्तर पर मानचित्र बिक्री का लक्ष्य निर्धारित करते हुए समीक्षा की जाए।

6. **<u>विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में ETS का उपयोग</u>** :– विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा सीमित मात्रा में उपलबध कराए गए ETS के अधिकतम उपयोग के लिए प्रत्येक ETS का Mobilisation Chart बनाकर प्रत्येक ETS द्वारा किए जाने वाले कार्य को अवकाश के दिनों में भी किया जाए। निरीक्षण के क्रम में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक शिविर द्वारा ETS का अधिकतम उपयोग किया जा रहा है।

7. **<u>अनुपलब्ध खतियान एवं मानचित्र</u>** :– विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में अनुपलब्ध खतियान एवं मानचित्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर दृढ़ इच्छा शक्ति से व्यक्तिगत एवं अन्य स्तरों से अनुपलब्ध खतियान एवं मानचित्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाए ताकि विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रभावित नहीं हो।

8. **<u>क्षेत्रीय भ्रमण</u>** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के लखीसराय एवं मुंगेर भ्रमण के क्रम में जो अमीन अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए, उनके संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारी से अनुशंसा प्राप्त कर कर्मियों से कारण पृच्छा करते हुए उनकी सेवा अविलंब समाप्त की जाए। निदेशालय स्तर से विशेष सर्वेक्षण कार्यों के प्रगति के लिए जिलों में जाने वाले नोडल पदाधिकारियों के निरीक्षण हेतु स्पष्ट एजेंडा निर्धारित कर निरीक्षण हेतु स्पष्ट एजेंडा निर्धारित कर निरीक्षण का Templet बना लिया जाए ताकि कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ–साथ खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों एवं कर्मियों की प्रगति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही क्षेत्रीय भ्रमण की समीक्षा में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी कर्मी यदि आवंटित कार्य को किसी कारण से नहीं कर पा रहा है तो उसके लिए कौन से वैकल्पिक कार्य निर्धारित किए गए हैं। वर्त्तमान सप्ताह के अन्त में नोडल पदाधिकारियों का क्षेत्रीय भ्रमण निर्धारित किया जाए। साथ ही ऐसे अमीनों के कार्य की सघन समीक्षा की जाए, जिनकी प्रगति शून्य है।

(जय सिंह) 17/8
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......2433......पटना, दिनांक :–17-08-2021

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......2433......**पटना, दिनांक** :–17-08-2021

**प्रतिलिपिः**– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......2433......**पटना, दिनांक** :–17-08-2021

**प्रतिलिपिः**– एल0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......2433......**पटना, दिनांक** :–17-08-2021

**प्रतिलिपिः**– श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबन्दी निदेशालय / श्री राकेश कुमार, सहायक निदेशक, भू–अर्जन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......2433......**पटना, दिनांक** :–17-08-2021

**प्रतिलिपिः**– प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल / श्री कन्हैया कुमार, GIS Lab भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......2433......**पटना, दिनांक** :–17-08-2021

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**: – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......2433...... **पटना, दिनांक** :–17-08-2021

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
17/8